दिनांक : 04.01.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

पीएम-वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत 2036 में ओलिंपिक खेलों की मेज़बानी का प्रबल दावेदार है। आज उत्तरप्रदेश के वाराणसी में राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से, खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि भारत को अपने युवा खिलाड़ियों पर गर्व है जो देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वही सफल हो सकता है, जो अपनी ज़िम्मेदारी को गंभीरता से ले और देश इसी भावना के साथ आगे बढ़ रहा है।

विकसित भारत जी राम जी-शिवराज

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा भ्रष्टाचार का एक पर्याय बन चुका था, जहां श्रमिकों को प्रायः दरकिनार करके उनका शोषण किया जाता था। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी क़ानून श्रमिकों के हित में है क्योंकि इसमें बढे हुए भुगतान, बेरोजगारी भत्ते, विलम्बित भुगतान पर ब्याज और सौ की तुलना में सवा सौ दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। श्री चौहान ने कहा कि इनसे श्रमिकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और वे गांवों में सार्थक योगदान भी दे सकेंगे।

समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल कृषि वर्ष 2026 में होने वाली गतिविधियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि वर्ष-2026 को प्रदेश में कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में विविध जलवायु जोन, पर्याप्त सिंचाई सुविधा, बेहतर रोड नेटवर्क उपलब्ध है। इसका लाभ लेकर किसानों की आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजन के उद्देश्य आधारित गतिविधियां संचालित कर प्रदेश में “समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश“ के लक्ष्य को साकार किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि वर्ष-2026 में आरंभ की जा रही सभी गतिविधियां तीन साल का लक्ष्य निर्धारित कर संचालित की जाएं। किसानों की आय में वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए कृषि यंत्रीकरण, कृषकों के क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण और भ्रमण कार्यक्रम, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, उद्यानिकी विस्तार, एफपीओ निर्माण आधारित गतिविधियों को प्रमुखता दी जाए।

मौसम

प्रदेश में सर्द हवाओं और घने कोहरे का असर लगातार बना हुआ है। राजधानी भोपाल, दतिया, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी सहित 13 जिलों में आज घना कोहरा रहा। जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। कोहरे की वजह से भोपाल, इंदौर और उज्जैन की ओर आने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनें 30 मिनट से लेकर 6 घंटे तक देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में रात का तापमान 8 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। राजगढ़ में 5.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। वहीं सबसे कम दिन का तापमान शाजापुर के गिरवर में 15.6 डिग्री सेल्सियत दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के बाद वातावरण में नमी बनी हुई है, जिससे अगले 2 से 3 दिन तक कोहरा और ठंड इसी तरह बने रहने की संभावना है। लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है।

समाचार संक्षेप में :-

ऽ जबलपुर में आयोजित चौथी वर्ल्ड रामायण डे कॉन्फ्रेंस में दुनिया के कोने-कोने से राम भक्त पहुंच रहे हैं। आज तीसरे दिन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी यहां पहुंचे हैं। कल अलग-अलग कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियां हुईं हैं।

ऽ नर्मदापुरम जिले की इटारसी के त्रिशला नंदन गार्डन में सीआइएमएस कॅरियर हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से महिला और बाल विकास विभाग द्वारा स्वस्थ नारीदृसशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

....